हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 30 जून 2025

04 रक्त सेवा समिति की बैठक में मिले दायित्व




07 सर्व धर्म जन कल्याण सेवा समिति ने दिया जल संरक्षण...






## खबर संक्षेप

### आदिवासी कांग्रेस आज करेगी सत्याग्रह

**विदिशा।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी पर गलत एफआईआर दर्ज होने के विरोध में जिला आदिवासी विभाग कांग्रेस द्वारा एक दिवसीय जीवन सत्याग्रह आंदोलन और ज्ञापन नीमताल गांधी चौराहे पर महात्मा गांधी जी की प्रतिमा की समक्ष आयोजित किया गया है। यह प्रदर्शन आज सोमवार को 11 बजे होगा। इसके बाद दोपहर 2 बजे बंधन गार्डन में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहित रघुवंशी और जिला प्रभारी और वरिष्ठ नेतागण एक प्रेसवार्ता करेंगे।

### डॉक्टर्स डे पर होगा सम्मान समारोह

**विदिशा।** शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के द्वारा 1 जुलाई मंगलवार को सुबह 8 बजे डॉक्टर्स डे पर नगर के सम्मानीय चिक्तिसकों का सम्मान किया जाएगा। रवि तलरेजा के अनुसार होटल द प्राइड में यह कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी मुख्य अतिथि रहेंगे। डॉ सुरेश गर्ग मुख्य वक्ता रहेंगे और अतुल शाह विशिष्ठ अतिथि होंगे।

### आप पार्टी करती रहेगी श्रमदान और योग

**विदिशा।** आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि वेत्रवती तट पर श्रमदान के साथ योग भी जारी रखने का निर्णय लिया है। जिला अध्यक्ष ने नगरवासियों से भी आह्वान किया है कि प्रत्येक रविवार को सुबह 8 से 11 वेत्रवती तट पर पहुंचकर श्रमदान के साथ योग भी करें और निरोग रहे। इस अवसर पर मां वेत्रवती घाट सुधार सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष श्री गोवर्धन साहू, वीरेंद्र साहू, अमित कुशवाहा, राकेश सिंह, प्रदीप विश्वकर्मा, गोपाल अहिरवार आदि कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### सनाढ्य ब्राहम्ण अगस्त में करेंगे स्नेह सम्मान

**विदिशा।** जिला सनाढ्य ब्राहम्ण परिषद की करैयाखेड़ा रोड स्थित धर्मशाला में रविवार को बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्व समिति से आगामी 17 अगस्त 2025 दिन रविवार को समाज का वार्षिक स्नेह सम्मेलन होना तय हुआ। इस सम्मेलन में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान सर्व ब्राह्मण समाज के कक्षा 5, 8, 10, 12 के 80% से अधिक अंकों से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। प्रतियोगी परीक्षा में चयनित छात्रों का भी सम्मानव होगा। सम्मेलन मे समाज के 80 वर्ष से अधिक वृद्धजनों का सम्मान भी किया जाएगा। विवाह योग्य युवक युक्तियां का परिचय तथा वैवाहिक पत्रिका का विमोचन भी इस सम्मेलन में किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष दीपक तिवारी ने की। बैठक में हरी बाबू शर्मा, सचिव अभिनव तिवारी गट्टू, उपाध्यक्ष पंडित धर्मेंद्र डिमोले, पं. हेमंत शर्मा, बृजनंदन दुबे, अमित दंडोतिया, शिव नारायण तिवारी आदि विप्रजन उपस्थित रहे।

फायरिंग में एक महिला के घायल होने के बाद पहुंची पुलिस की मौजूदगी में चलती रहीं थी गोलियां

# शेरपुरा में फायरिंग कर महिलाओं को घायल करने वाला पुलिस के हत्थे चढ़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

**मंगलवार 24 जून की सुबह हुई थी वारदात, पुलिस को एक सप्ताह लगा**



विदिशा। घटनास्थल शेरपुरा में सरोज कुशवाह को गोली लगने के बाद तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस। फाइल फोटो

फरियादी शांति कुशवाह निवासी चिरंजीवी अस्पताल शेरपुरा द्वारा थाना सिविल लाइन में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि सुबह लगभग 09:45 बजे उसकी देवरानी सरोज बाई पति गजेन्द्र कुशवाह (उम्र 39 वर्ष) मंदिर जाने के लिए घर से निकली, तभी सरोज कुशवाह के घर के सामने एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा जान से मारने की नीयत से गोली चलाई गई, जो सरोज के गले के नीचे लगी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। मोहल्ले वालों ने उन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां से उन्हें भोपाल रेफर किया गया। कुछ ही समय बाद रामप्रसाद पासी के मकान की छत के पास पुनः गोली चलाई गई। जिससे पुष्पा पासी को दाहिने हाथ में चोट आई थी। इस मामले में सिविल लाइन टीआई विमलेश राय, कोतवाली टीआई आनंद राज सहित पुलिस अधिकारी और जवानों का अहम भूमिका रही।

शहर के शेरपुरा मोहल्ले की जंगलिया कॉलोनी में 24 जून मंगलवार को हुई फायरिंग में दो महिलाओं को घायल करने वाला आरोपी अखिरकार एक सप्ताह बाद पुलिस के हत्थे चढ़ ही गया। नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह के मुताबिक 36 वर्षीय रेहान फैयाज खान निवासी अहमदपुर चौराहे को गिरफ्तार किया है। पुलिस के सूत्रों के अनुसार आरोपी को उसी दिन संदेह में ले लिया था। लेकिन आरोपी पुलिस को लगातार गुमराह करता रहा और वारदात को अंजाम देना स्वीकार ही नहीं किया। आरोपी ने चालाकी करते हुए अपराध में उपयुक्त हथियार को बरामद ही नहीं कराया। फारेंसिक विशेषज्ञों ने मौका वारदात से बरामद कारतूस से मिलान किया तो बरामद रायफल से नहीं चलने की बात सामने आई तो इससे पुलिस भी गुमराह होती रही। लेकिन अंतः रेहान ने स्वीकार किया। जारी किये प्रेसनोट के अनुसार घटनास्थल से पुलिस ने 13 चले हुए राउंड, 3 खाली खोखे, 2 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे तथा नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह के मार्गदर्शन में थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा तत्परता से कार्य करते हुए आरोपी की पहचान एवं गिरफ्तारी हेतु विशेष टीम गठित की गई थी।

### ग्राम जाठोदा में गेट तोड़कर लाखों का सोना और चांदी चोरी

**नटेरन।** नटेरन थाना अंतर्गत ग्राम जाठोदा में घर का गेट तोड़कर सोने चांदी के जेवरों की चोरी की वारदात हुई है। जाठोदा गांव में रहने वाले सुरेंद्र सिंह राजपूत परिवार सहित शनिवार की शाम को गंजबासौदा गये हुए थे। अलगे दिन सुबह गांव से किसी ने देखा तो उनके पास फोन आया कि घर का दरवाजा टूटा पड़ा हुआ है। ये सुनकर वह तुरंत गांव पहुंचे और अंदर देखा तो मसेरी के अदंर रखे सूटकेस गायब थे, गोदरेज का दरवाजा भी टूटा पड़ा था। घर से उनकी पत्नी के करीब 28 तोला सोने के जेवर, 3.5 किलो चांदी के जेवर और मजदूरों को देने के लिए रखे 40 हजार नगदी चोर हो गये। घटना की जानकारी लगते हुए नटेरन पुलिस जाठोदा पहुंची और जांच पड़ताल शुरु की। राजपूत परिवार ने कुछ लोगों पर शक भी व्यक्त किया है। इधर मामले की पड़ताल के लिए विदिशा से डाग स्क्वायड और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट भी पहुंचे और जांच की। चोरों ने नजदीक ही जाकर सूटकेश खोले होंगे। खाली सूटकेश बरामद हुए हैं। नटेरन थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि इस घर के पीछे गांव के चौकीदार का घर है चोरों न वहां भी चोरी का प्रयास किया था। लेकिन ज्यादा कुछ नहीं मिला तो चौकीदार के घर से जूते व एक टावल ले जाकर सुरेंद्र सिंह घर छोड़ दिया। हमने छानबीन शुरू कर दी है। गांव के सीसीटीवी कैमरे देख रहे हैं, फिंगर प्रिंट की जांच कर रहे हैं।

ई-अटेंडेस को लेकर शिक्षक संगठन हुए मुखर

# शिक्षक संघों का तर्क ई-अटेंडेंस सिर्फ उन पर ही अनिवार्य क्यों? अन्य विभागों में भी लागू करो



विदिशा। मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए शिक्षकगण।

### जिला मुख्यालय पर तहसीलदार अमित सिंह को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

राज्य शिक्षक संघ के प्रांतीय आव्हान पर प्रदेश में कार्यरत शिक्षक संवर्ग पर लागू की गई ई-अटेंडेंस लगाने की अनिवार्यता के विरोध में रविवार को प्रदेश के विकासखंड मुख्यालयों पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिए गए।

इसी आंदोलन के तहत विदिशा में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन तहसीलदार डॉक्टर अमित सिंह को ज्ञापन सौपा। जिसमें प्रमुख रूप से शिक्षा विभाग केवल शिक्षक संवर्ग पर ई-अटेंडेंस लागू क्यों कर रहा है जबकि विभाग के अन्य कर्मचारी इससे मुक्त हैं। शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश के शिक्षक सरकार की मंशा अनुसार सर्वश्रेष्ठ कार्य कर रहे हैं। जिससे शासकीय विद्यालयों का कक्षा पांचवी आठवीं दसवीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम का प्रदर्शन अच्छा रहा। एवं शासकीय विद्यालय के छात्रों ने मेरिट में अच्छा स्थान प्राप्त किया। इससे परिलक्षित होता है कि प्रदेश के शिक्षक अच्छा कार्य कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री द्वारा भी समय-समय पर शिक्षकों की प्रशंसा की गई। शिक्षा विभाग केवल शिक्षकों परई-अटेंडेंस लागू करना चाहता है या तो आदेश निरस्त किया जावे या समस्त विभागों में एक साथ लागू की जाए। इसके बाद ही ई-अटेंडेंस पर शिक्षक उपस्थिति लगाएंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में रामबाबू भार्गव, विवेक श्रीवस्ताव, राम मिश्रा, जितेंद्र तिवारी, लालाराम आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## पुलिस में भर्ती होने के गुर सीखने करें आवेदन, आज है अंतिम दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कक्षा 12वी उत्तीर्ण और 18 वर्ष की उम्र पूर्ण कर लेने वाली लड़कियां जो पुलिस में भर्ती होना चाहती है तो सशक्त वाहिनी अभियान के तहत आवेदन करने के लिए आज सोमवार 30 जून को अंतिम दिन है। इसमें प्रतियोगी परीक्षा जैसे पुलिस भर्ती चयन में निःशुल्क मार्गदर्शन एवं शारीरिक प्रशिक्षण देंगे। आवेदन 20 जून से शुरु हैं। आज सोमवार को अंतिम तिथि 30 जून है। इसके लिए महिला बाल विकास कार्यालय कलेक्ट्रेट विदिशा में संचालित है तथा महिला बाल विकास कार्यालय दुर्गानगर विदिशा में है। इन दोनों कार्यालयों में से किसी भी एक में का जमा कर सकते हैं। समय प्रातः 10 बजे से सांय 6 बजे तक जरूरी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट फोटो एवं कक्षा 10वी, 12वी की मार्कशीट) की फोटो कॉपी के साथ आवेदन कर सकेंगे। अधिक जानकारी हेतु मो.न. 9425130150 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## 12 वर्ष होगा संत निरंजन सागर महाराज का होगा चातुर्मास, हुई भव्य अगवानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ लटेरी

जैन संत आचार्य श्री 108 विद्या सागर महाराज एवं समय सागर महाराज के शिष्य मुनि श्री 108 निरंजन सागर महाराज का रविवार की सुबह नगर में आगमन हुआ है। लटेरी में 12 वर्ष के इंतजार के बाद चतुर्मास हो रहा है। अगवानी में पारसनाथ सेवा संघ के युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आचार्य ज्ञान सागर पाठशाला के छोटे-छोटे बच्चे , दीदी, सहित महिला मंडल भी सम्मिलित रहा। आगामी 3जुलाई से 10 जुलाई तक लटेरी नगर में सिद्ध चक्र महा मंडल विधान होगा। जिसमें परम पूज्य मुनि श्री 108 निरंजन सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में जबलपुर से पधारें सुरेंद्र भैया जी के सानिध्य में अष्ट दिवसीय विधान का भी आयोजन होगा।

जिसमें जैन समाज के सैकड़ों महानुभाव धर्मलाभ लेंगे। इसमें बाहर से पधारे अतिथियों भोजन व्यवस्था के साथ रहने की व्यवस्था सकल दिगंबर जैन समाज करेगा। दोपहर 2 से श्रीजी पुरम से ढोल धमाकों के साथ की गई अगवानी की गई। विधायक प्रतिनिधि अतु भंडारी और बजरंग दल ने महाराज की अगवानी कराई।

## वक्फ की जमीन पर गुमठियां रखकर वसूला जा रहा है किराया, आज तक नहीं हटा अतिक्रमण

**शहर की डेढ़ बीघा पर हुए अतिक्रमण को हटवाने सीईओ ने लिखा पत्र**



कुरवाई। वक्फ की इस कीमती जमीन पर गुमठियां रखकर वसूल रहे किराया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई

वक्फ कब्रस्तान की लगभग डेढ़ बीघा जमीन पर कुरवाई के लोगों ने अवैध तरीके से अतिक्रमण करके गुमठियां रखवा दी हैं। अतिक्रमण करने वाले इन गुमठियों से किराया भी वसूल रहे हैं। वक्फ की जमीन पर हुए इस तरह के कब्जे को हटवाने के लिए वक्फ बोर्ड के सीईओ द्वारा तहसीलदार को पत्र लिखकर निवेदन किया जा चुका है। लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है।

जिला वक्फ कमेटी के जिलाध्यक्ष अय्यूब कुरैशी ने इस अतिक्रमण को हटवाने के लिए 23 जून को बोर्ड के सीईओ को पत्र लिखते हुए इस समस्या से अवगत कराया था। इसके बाद अवैध अतिक्रमण को हटवाने के लिए वक्फ बोर्ड के सीईओ द्वारा कुरवाई तहसीलदार को पत्र लिखा जा चुका है। जिला वक्फ कमेटी के अध्यक्ष का कहना है कि उन्हे शिकायत कुरवाई के नागरिकों से प्राप्त हुई थी। उन्होने जब मौके पर जाकर मुआयना किया तो शिकायत सही पाई गई। इस अवैध अतिक्रमण को हटवाने के लिए जिलाध्यक्ष ने प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत भी कराया था। कार्रवाई नहीं हुई तो 14 दिसंबर 2025 को आवेदन भी दे चुके हैं।

### शहर में है यह जमीन

जिला वक्फ कमेटी के अध्यक्ष ने वक्फ बोर्ड को अवगत कराते हुए लिखा है कि यह जमीन कुरवाई शहर के वार्ड क्रमांक 13 में रहने वाले साबिर खां पुत्र शकूर खा के द्वारा अवैध तरीके से खोके गुमठियां रखकर किराया वसूला जा रहा है। राजस्व रिकार्ड के अनुसार यह जमीन आराजी क्रमांक 1124 रकबा 0.314 हेक्टेयर है। यह जमीन लगभग डेढ़ बीघा के आसपास है।

### प्रेम प्रसंग के चलते हुई हल्के अहिरवार की हत्या, पति पत्नि गिरफ्तार

**विदिशा।** खामखेड़ा पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम बाला बरखेड़ा में हुई हल्के अहिरवार की हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले पति और पत्नि को गिरफ्तार कर लेने का दावा किया है। पुलिस के अनुसार मृतक और रश्मि प्रजापति के बीच प्रेम प्रसंग चल रह था। खेतों में काम करते समय दोनों को बात करते हुए लोगों ने देखा तो उसके पति को सूचना दे दी थी। इसके बाद घटना वाली शाम को हल्के ने रश्मि को फोन लगाया तो उसने नहीं उठाया। वह उससे मिलने घर ही पहुंच गया तो रश्मि और उसके पति संतोष प्रजापति ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी थी।

## ग्राम पंचायत सलैया में 1 करोड़ रुपए की लागत वाले भवनों का विधायक मीणा ने किया भूमिपूजन



विदिशा। लोकार्पण करते हुए विधायक सूर्यप्रकाश मीणा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने रविवार को ग्राम पंचायत सलैया में नवीन पंचायत भवन और उप स्वास्थ्य केंद्र भवन के निर्माण कार्यो का भूमि पूजन किया।

ग्राम सलैया में 37.50 लाख रुपए की लागत से नवीन पंचायत भवन और 55 लाख की लागत से उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कराया जाएगा। भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मीणा ने कहा कि क्षेत्र के विकास हेतु कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने निर्माण एर्जेसियों को निर्देशित किया है कि संपूर्ण कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरा कराना सुनिश्चित करें ताकि स्थानीय नागरिकों को उपरोक्त भवनों का लाभ यथाशीघ्र मिल सकें।

विधायक मीणा ने कहा कि शासन हरेक वर्ग के चहुंमुखी विकास के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने शासकीय योजनाओं व कार्यक्रमों का लाभ लेने की अपेक्षा जताते हुए उन्होंने कहा कि जिन कार्यक्रमों में ई केवाईसी कराया जाना आवश्यक है। निश्चित ही यह कार्य समय सीमा में पूरा कराएं ताकि उसे योजना से होने वाले हितलाभों से पात्रता धारक वंचित ना हो सके। कार्यक्रम को जपं अध्यक्ष वीरसिंह रघुवंशी ने संबोधित किया। क्षेत्र के नायब तहसीलदार राजेन्द्र त्यागी ने किसानों की फार्मर आईडी के संबंध जानकारी देते हुए फायदे बताए।

# किलाअंदर स्थित बड़ा जैन मंदिर के पास महावीर मार्ग की हालत जर्जर

**सड़क सुधरवाने महावीर मार्ग के नागरिकों ने सड़क पर किया प्रदर्शन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



विदिशा। महावीर मार्ग पर रहने वाले नागरिकों ने किया प्रदर्शन।

शहर के वार्ड के क्रमांक 16 में महावीर मार्ग पर रहने वाले नागरिकों ने समस्याओं के खिलाफ सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया।

बड़े जैन मंदिर अंदरकिला के इन रहवासियों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी नपा का ध्यान आकर्षित करने के लिए यह प्रदर्शन किया और मीडिया को बुलाकर फोटो सेशन भी कराया। बड़ा जैन मंदिर के पास रहने वाले वैभव जैन ने (बरखेड़ा वाले) बताया कि सड़क पर गहरे गड्ढे हो गये हैं। वाहन चलाने में तक परेशानी होती है। सड़क ऊबड़ खाबड़ होने के कारण आटो चल नहीं पा रहे हैं। स्कूली छात्रों को ले जाने वाले आटो हिचकोले खाते हुए चलते हैं। शहर का सबसे पुराना जैन मंदिर होने से शहरभर से भी श्रद्धालू मंदिर में दर्शन के लिए परेशान होते हुए पहुंचते हैं। रहवासियों का कहना है कि उन्होने वार्ड पार्षद को कई बार अवगत कराया लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका।

पुस्तक- साहित्यकारों के बीच हुआ यादों की तीलियों का विमोचन

# डॉ मिश्रा ने अपने जीवन के यथार्थ को प्रस्तुत कर हिंदी जगत को एक नवीन शब्द परमार्च देने का अनूठा कार्य किया: हाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा




विदिशा। पुस्तक के विमोचन समारोह में उपस्थित अतिथिगण।

गत दिवस लेखक डॉक्टर परमानंद मिश्रा की आत्मकथा का भव्य विमोचन समारोह संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि नगर के राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डॉ परमानंद मिश्रा द्वारा अपने जीवन काल की स्मृति रूपी तीलियां एक साहसिक प्रयास है। साहसिक इसलिए कि अपने जीवन वृत को लिखना आसान नहीं होता। कवि सुलखान सिंह हाड़ा ने कहा कि डॉक्टर मिश्रा ने अपने जीवन के यथार्थ को प्रस्तुत करते हुए हिंदी जगत को एक नवीन शब्द परमार्च देने का अनूठा कार्य किया है। प्रोफेसर वनीता वाजपेई ने पुस्तक को आत्मकथा और संस्मरण के मध्य की एक नवीन विधा के सृजन का सूत्रपात बताया। पूर्व प्राचार्य बीके जैन ने इसे बुंदेली बोली की बहुत बड़ी सेवा और धरोहर बताया। उरई (जालौन) से पधारे सारस्वत अतिथि डॉक्टर पूरन सिंह निरंजन ने तुलसीदास को उद्धृत करते हुए उन्होंने संसार का सबसे बड़ा दुख दरिद्रता बताया और विद्यार्थी जीवन में गरीबी से संघर्ष करते हुए यहां तक पहुंचने तथा उसका सजीव चित्रण प्रस्तुत करने के लिए डॉक्टर मिश्रा की प्रशंसा की। कार्यक्रम में मनोज कटारे, गोविंद देवलिया, कालूराम पथिक, निसार मालवीय, गोवर्धन राजोरिया, चांद खां चाद, शाहिद भाई, सुरेंद्र श्रीवास्तव, संतोष सागर,अमन वर्मा, हरगोविंद मैथिल, प्रोफेसर केके पंजाबी तथा डॉक्टर वेदप्रकाश मेहरा, शिक्षाविद केएन शर्मा, पं विष्णु शास्त्री, संतोष शास्त्री, मनोज शास्त्री, हरिहर चतुर्वेदी, अभिनय वर्मा आदि उपस्थित थे। अरविंद श्रीवास्तव एवं प्रोफेसर अरविंद द्विवेदी का कार्यक्रम में विशेष सहयोग रहा। संचालन शिवकुमार तिवारी एवं पुनीत कुमार संज्ञा ने किया। आभार लेखक की पुत्री अनामिका चतुर्वेदी ने किया।

## खबर संक्षेप

### शांति समिति की बैठक आज होगी आयोजित

**गंजबासौदा।** मोहर्रम, रक्षाबंधन एवं अन्य आगामी त्यौहार को ध्यान में रखते हुए शांति समिति की बैठक सोमवार को शाम 4 पटवारी सभागृह में आयोजित की गई है। जिसमें सभी सदस्यगण, मुस्लिम कमेटी सदस्य, हिंदू उत्सव समिति सदस्य एवं अन्य संगठनों के प्रमुख उपस्थिति रहेंगे।

### प्रधानमंत्री की मन की बात को सुना



**गंजबासौदा।** रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का 123 वा एपिसोड आयोजित हुआ। इस मौके पर बूथ क्रमांक 57 पर मन की बात का कार्यक्रम नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने अपने साथियों सरिता जैन एवं कार्यकर्ताओं आदि के साथ देखा।

### इलाके भर में झमाझम बारिश हुई

**गंजबासौदा।** रविवार को नगर सहित ग्रामीण अंचलों में दोपहर तक पहले हल्की बूंदाबांदी हुई। बूंदाबांदी के बाद झमाझम बारिश का दौर शुरु हो गया जो कई घण्टों तक चलता रहा। इलाके भर में कई घण्टों तक हुई बारिश से नगर की सड़कें, नाले, नालियां पानी से लबालब हो गए। वहीं पारासरी नदी का जल स्तर भी बड़ गया। रविवार को हुई बारिश इस वर्ष की पहली झमाझम और कई घण्टों तक होने वाली बारिश रही। अच्छी बारिश होने से तापमान में गिरावट आ गई एवं मौसम में ठण्डक घुल गई। जून माह में पहली बार कई घण्टों तक बारिश हुई जिसका नागरिकों ने खूब लुफ्त उठाया।

# धरती आबा शिविर में अनुपस्थित होने पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बासौदा तहसील के ग्रामों में आयोजित धरती आबा अभियान के शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविरों के माध्यम से विभिन्न विभागों की हितग्राही मूलक योजनाओं के हितलाभ और उनकी मूलभूत समस्याओं से अवगत होने के उपरांत समाधान की पहल की है।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने धरती आबा अभियान के शिविरों का निरीक्षण दौरान कार्रवाई के निर्देश एसडीएम विजय राय को दिए। बासौदा विकासखंड के ग्राम डिंडोली, तवक्कलपुर और लहदरा आदि ग्रामों में आयोजित धरती आबा कैंप में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारी, कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। डिडोली में सीडीपीओ बासौदा के अनुपस्थित रहने से उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु प्रस्ताव प्रेषित किए जाने एवं डिडोली में स्वर्णिमा सोनी सुपरवाइजर का एक दिन का वेतन काटने हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित किया गया है। दूसरी ओर ग्राम डिडोंली में वीर सिंह बघेल, सहायक यंत्री एमपीईबी बासौदा को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने हेतु एमपीईबी को निर्देशित किया गया। वहीं ग्राम लेहदरा में दीक्षा रघुवंशी, प्रबंधक व विक्रेता, पीडीएस दुकान (उचित मूल्य दुकान, स्व सहायता समूह) को समग्र ई-केवाईसी कम होने के कारण पीडीएस शॉप से समूह को बर्खास्त किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। डिडोंली में सोहन लाल अहिरवार, वेटनरी फील्ड ऑफिसर का एक दिन का वेतन काटे जाने हेतु एवं कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने हेतु निर्देशित किया गया।

## सेवा कर रहे सहयोगियों का शाल श्रीफल भेंट कर मोतियों की माला पहनाकर किया सम्मान

# रेलवे स्टेशन पर चल रही निशुल्क जल सेवा का किया गया समापन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रेलवे स्टेशन पर नागरिक सेवा समिति की ओर से विगत 41 वर्षों से जो निःशुल्क शीतल जल सेवा का सेवा कार्य प्रतिवर्ष गुड़ी पड़वा से प्रारंभ होता है। रविवार को उस जलसेवा का मूलीबाई धर्मशाला में समापन किया गया। जल सेवा व्यवस्थापक योगेश शाह और नानजी भाई ने बताया हालांकि यह जल सेवा का कार्य पूर्ण रूप से समापन नहीं हुआ है।

मौसम अनुसार यह निःशुल्क जल सेवा निरंतर चालू रहेगी। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में समाजसेवी कान्ति भाई शाह, इस वर्ष के जल सेवा के सहयोगी राधेश्याम साहू , शंभू दयाल शर्मा, सत्यपाल तनवानी, शांतिलाल शाह, दमयंती धर्मकांटा सेवार्थ के संचालक योगेश शाह एवं नानजी भाई उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा जल सेवा के विशेष सहयोगी एवं जल व्यवस्थापक पूर्व रेलवे गार्ड सीताराम शर्मा एवं पूर्व रेलवे ड्राइवर कृपाराम दीक्षित की सराहनीय सेवाओं को स्मरण कर उनके शानदार कार्यकाल को याद किया गया। कार्यक्रम का संचालन नागरिक सेवा समिति के सचिव सुरेश तनवानी ने किया एवं श्वेतांबर समाज के सचिव विनोद शाह ने सभी का आभार व्यक्त किया। रेलवे स्टेशन पर जल सेवा के इस वर्ष के आयोजक राधेश्याम साहू परिवार का स्मृति चिन्ह, शाल श्रीफल एवं मोतियों की माला पहन कर सम्मान किया गया। जल सेवा में तन मन से सहयोग कर रहे कर्मचारियों को वस्त्र भेंट किए गए। इस मौके पर समिति अध्यक्ष कांति भाई शाह , सचिव सुरेश तनवानी, सह सचिव विनीत अरोरा, जयेश शाह, आरपीएफ स्टाफ से योगेंद्र सिंह, राहुल यादव, लेखराज जाट, वसीम खान, विकास गुर्जर, आंख जांच केंद्र संचालक डॉक्टर हरिप्रसाद, केयूर शाह, महेंद्र सिंह सूर्यवंशी, नाटू भाई पटेल, गोविंद नारायण खंडेलवाल, अजीत कुमार जैन, विनोद शाह, जया बेन, राजेश तारण, हनीफ फजलानी, शिव प्रसाद श्रीवास्तव, सुरेश ताम्रकार, केशव राजपूत, अतुल शाह, मनोज शर्मा,लाल बहादुर ताम्रकार, जगदीश भावसार, मयंक टॉक, नेतराम मिश्रा, रेलवे विभाग से हेमंत राय, आरसी राठौर, केपी तिवारी, मुन्नालाल तिवारी, शिव कुमार अवस्थी, चैन सिंह गुर्जर, उधम सिंह यादव, शिव शंकर गुर्जर आदि मौजूद थे।

# नौलखी मंदिर में ब्राह्मण दल ने भगवान जगन्नाथ को लगाए 56 भोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नौलखी मंदिर में प्रभु जगन्नाथ इन दिनों अपनी मौसी के घर पर आये हुए है, जिनकी सेवा में नौलखी मंदिर पर प्रतिदिन श्रीमहंत श्रीश्री 1008 राम मनोहर दास महाराज के श्रीमुख से कथा का वाचन किया जा रहा है। इसी क्रम मे प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी ब्राहमण दल के तत्वावधान मे भगवान के श्री चरणों में छप्पन भोग अर्पित कर राष्ट्र विकास, सनातन तथा गौमाता की रक्षा की कामना के साथ सामूहिक अर्चना की गई और छप्पन भोग लगाया गया। इस अवसर पर श्रीमहंत राममनोहर दास द्वारा पुरी नगर के महत्व पर प्रकाश डाला गया तथा तीर्थ यात्रा करने पुण्य पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर महंत द्वारा विशाल ब्राहमण भोज का आयोजन किया गया तथा समस्त ब्राहमणों और संतो का दक्षिणा प्रदान कर विदा किया गया।

# हनुमान चालीसा पाठ आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

हिन्दू चेतना सेवा समिति द्वारा शनिवार को सतीश गुप्ता एवं उनकी पत्नि प्रीति गुप्ता एवं परिवारजन सहित एसडीएम बंगला के पीछे से मुरादपुर धाम तक पदयात्रा कर मुरादपुर धाम पहुंचकर हनुमान चालीसा पाठ का 83 वां चरण संपन्न हुआ। पदयात्रा एवं पाठ में बड़ी संख्या में महिला एवं युवा सम्मिलित हुए, पाठ के पश्चात आरती एवं प्रसादी वितरण किया गया। प्रीति सतीश गुप्ता द्वारा श्री बालाजी सरकार को चांदी का छत्र अर्पण किया गया। पाठ के उपरांत सभी हिंदू वीरों को स्नेहभोज कराया गया। समिति अध्यक्ष राकेश सिंह रघुवंशी ने कहा कि हम सभी राष्ट्र प्रेमी धर्मनिष्ठ युवाओं एवं नागरिकों से आग्रह करते हैं कि अभियान से जुड़कर इसे और अधिक व्यापक बनाएं। हनुमान चालीसा पाठ का अगला चरण श्री वैष्णो देवी माता मंदिर रेलवे स्टेशन के समीप आयोजित किया जाऐगा।

# प्राचार्य, प्रभारियों की समीक्षा बैठक में दिए आवश्यक दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



विकासखंड शिक्षा अधिकारी परता अहिरवार द्वारा द्वारा शासन के विभिन्न योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु ब्लॉक के समस्त हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी प्राचार्य, प्रभारी की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा समीक्षा के विभिन्न बिंदुओं पर बारीकी से चर्चा करते हुए उनके क्रिया में हेतु उचित निर्देश दिए गए।

शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी प्राचार्य एवं योजनाओं के क्रियान्वयन अधिकारियों के साथ मुख्यता एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण, उसकी सुरक्षा प्रयास, निशुल्क पुस्तक वितरण एवं प्रविष्टि की व्यवस्था, प्रवेश संबंधी 100% लक्ष्य की पूर्ति, सत प्रतिशत नामांकन एवं प्रविष्टि, छात्रवृत्ति के खाते अपडेशन की कार्रवाई, अतिथि शिक्षकों की आवश्यकता एवं पूर्ति,अपार आईडी संबंधी कार्यों की सतत कार्रवाई, ई अटेंडेंस, शाला भवन की स्थितियों की समीक्षा, शालाओं की सफल संचालन की व्यवस्था, छात्रवृत्ति के फेल खातों का अपडेशन मातृ एवं पितृविहीन छात्र,छात्राओं की जानकारी सीएम हेल्पलाइन का समय पर निराकरण,एमपीटास्क के पात्र छात्रों का वेरिफिकेशन एवं अप्रूव का प्रमाणीकरण आदि बिंदुओं पर समीक्षा कर उचित क्रियान्वयन के निर्देश सभी प्रभारी एवं प्राचार्य को दिए गए। समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से एचसी शर्मा, टंडन, शिल्पांजना शर्मा, सुनीता पाराशर, मनीषा श्रीवास्तव, हरिओम दुबे, ओमप्रकाश रघुवंशी, मदनलाल कुर्मी आदि उपस्थित थे।

### बिजली प्रदाय रहा बंद

**गंजबासौदा।** रविवार को दोपहर बाद नगर में तेज बारिश का दौर शुरु होते ही नगर के अलग अलग क्षेत्रों में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली प्रदाय बंद कर दिया गया। जिससे वार्डवासियों को देर तक बिजली के अभाव में अंधेरे में समय गुजारना पड़ा।

# रक्त सेवा समिति की बैठक में मिले दायित्व

**गंजबासौदा।** रविवार को रक्त सेवा समिति मध्य प्रदेश की बैठक समिति कार्यालय विश्वंभरा धर्म कांटा पर आयोजित की गई। जिसमें समिति के रजत जयंती वर्ष के समारोह पूर्वक मनाने हेतु विचार विमर्श किया गया। 12 अगस्त 2025 से 12 अगस्त 2026 तक रजत जयंती वर्ष समारोह समिति द्वारा मनाया जाएगा। रजत जयंती में वर्ष भर विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएगी। जिसमें समिति के सभी सदस्यों से सुझाव प्राप्त किए गए। जिन्हें सर्व सहमति से स्वीकार किया गया। बैठक में समिति के संस्थापक राजेश तिवारी, समिति अध्यक्ष राकेश जैन, समिति की महिला शाखा की अध्यक्ष ममता जैन, युवा अध्यक्ष शुभेंद्र राजपूत, महिला कार्यकारी अध्यक्ष विद्या यादव महिला शाखा संरक्षक प्रमिला तिवारी, समिति उपाध्यक्ष ओमप्रकाश जैन, परवेज फजलानी, सचिव अनिल दुबे कोषाध्यक्ष, मुकेश तिवारी योगाचार्य महेंद्र सिंह रघुवंशी, शिविर प्रमुख सुनील अहिरवार, राजेंद्र सिंह गौर, समिति सदस्य रवि शंकर लोहिया, महिला शाखा सचिव रेहाना फजलानी, संगीता तिवारी, सुनीता दुबे, मीनेश यादव, रेखा साहू, अदिति अरोरा, अंजू तिवारी, सौम्या, कविता शर्मा, सुनंदा लोहिया, जयंती जैन, साक्षी तिवारी, सौम्या तिवारी, सौमित्र तिवारी, रमन तिवारी, मोहित भार्गव उपस्थित रहे। बैठक का संचालन अनिल दुबे तथा आभार समिति अध्यक्ष राकेश जैन द्वारा किया गया। मोहित भार्गव एवं रमन तिवारी को उपाध्यक्ष, अक्षत श्रीवास्तव को सह-सचिव तथा अमन पाठक को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।




### सेवा भारती आवासीय शिक्षिका का वर्ग संपन्न

**गंजबासौदा।** सेवा भारती विदिशा द्वारा शिक्षिकाओं का प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि राकेश खंडेलवाल, विनोद शाह संघ चालक, राजेश माथुर जिला अध्यक्ष सेवा भारती, नीता शाह, राजेश भार्गव विभाग समन्वयक, सावन अग्रवाल नगर समिति अध्यक्ष, मयंक टॉक सचिव, माधव सुहाने कोषाध्यक्ष निवेदिता प्रमुख जयश्री रघुवंशी की उपस्थिति में दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया गया। प्रथम सत्र में राजेश भार्गव ने सेवा भारती की संकल्पना के बारे में व्याख्यान दिया। द्वितीय सत्र में जिला अध्यक्ष राजेश माथुर ने अपने उद्बोधन में शिक्षिकाओं के द्वारा संस्कार केंद्र के बच्चों को संस्कारित करने का श्रेष्ठ कार्य कर रही है, संघ चालक ने भी शिक्षिकाओं को मार्गदर्शन दिया। तृतीय सत्र में पाठ्यक्रम का अभ्यास किया गया जयश्री रघुवंशी ने निवेदिता भारती के माध्यम से सेवा बस्ती की किशोरी बालिकाएं के जीवन में शारीरिक एवं मानसिक बदलाव कैसे आते हैं, इसके बारे में बताया एवं कौशल विकास को लेकर भी चर्चा की गई। दिनेश कुमार ने सोशल मीडिया का सकारात्मक उपयोग के बारे में बताया। चतुर्थ सत्र में आदर्श केंद्र विषय पर कार्यशाला रखी गई एवं समापन सत्र में आगामी कार्यक्रम की योजना को लेकर चर्चा की गई, संघ के शताब्दी वर्ष में सेवा कार्यों को गति देने के लिए समिति की बैठक हुई। प्रशिक्षण वर्ग में सभी शिक्षिकाओं एवं निरीक्षिकाओं की सहभागिता रही।



## शांति सदन कॉलोनी में आयोजित हो रही भैरव कथा

# काल भैरव के आठ स्वरुप हैं: पं.एलिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रेलवे लाइन शांति सदन कॉलोनी स्थित चिल्ला बाबा महाकाली मंदिर में हो रही भैरव कथा के चतुर्थ दिवस पर कथा प्रवक्ता आचार्य पंडित विकास आनंद ऐलिया ने कहा काल भैरव के 8 स्वरूप है। पहला कपाल भैरव, यह भगवान कालभैरव का एक चमकीला स्वरूप है, जिस पर वह हाथी की सवारी कर रहे हैं। उनके एक हाथ में त्रिशूल दूसरे हाथ में तलवार है, उनके तीसरे और चौथे हाथ में शस्त्र और पात्र हैं। माना जाता है कालभैरव के इस स्वरूप की पूजा करने से कानूनी मसलों में सफलता मिलती है और अटके हुए काम पूरे होते हैं। क्रोध भैरवकाल भैरव का यह स्वरूप गहरे नीले का रंग का है जिसकी तीन आंखें हैं और उनका वाहन गरुड़ है।

क्रोध भैरव को दक्षिन-पश्चिम दिशा का देवता माना जाता है। इनकी पूजा करने से बुराई का नाश होता है और बुरा समय भी दूर होता है। असितांग भैरव भगवान भैरव अपने इस स्वरूप में सफेद कपालों की माला धारण किए हुए हैं और उनके एक हाथ में भी कपाल है। तीन आंखों वाले असितांग भैरव का वाहन हंस है। इनकी पूजा करने से मनुष्य में कलात्मक क्षमताएं बढ़ती हैं और कॅरियर में भी उन्नति होती है। चंद्र भैरवचंद भैरव की उपासना करने से शत्रुओं पर विजय प्राप्त होती है और प्रतिकूल स्थितियों से लड़ने की क्षमता मिलती है। इस रूप में भगवान की तीन आंखें हैं और उनकी सवारी मोर है। चंद भैरव एक हाथ में तलवार और दूसरे में पात्र और तीसरे में तीर और चौथे हाथ में धनुष धारण किए हुए हैं।

गुरु भैरवकालभैरव का एक स्वरूप गुरु भैरव का भी है, जिनके एक हाथ में कपाल और कुल्हाड़ी है, वहीं दूसरे हाथ में तलवार है, गुरु भैरव की सवारी बैल है, इनकी देह पर सर्प भी लिपटा है। विद्या, ज्ञान और धन प्राप्ति के लिये गुरु भैरव की आराधना की जाती है।संहार भैरवसंहार भैरव भगवान के सिर पर कपाल स्थापित है और इनकी तीन आंखें हैं, इनका वाहन काला कुत्ता है। संहार भैरव की आठ भुजाएं हैं और देह पर सांप लिपटा है। इनकी पूजा करने से मनुष्य के सभी पाप समाप्त हो जाते हैं और उनके स्वभाव में नम्रता भी आती है। उन्मत भैरव उन्मत भैर्व को शांति के प्रतीक के तैर पर देखा गया है, इस स्वरूप की पूजा करने से आपके भीतर सकारात्मकता का भाव बढ़ता है बुराइयां समाप्त होती हैं। उन्मत भैरव का रंग हल्का पीला है और इनका वाहन घोड़ा है। भीषण भैरवनकारात्मक शक्तियों के प्रभाव से बचने के लिये भीषण भैरव की आराधना की जाती है, इनकी पूजा करने से अकाल मृत्यु का भय समाप्त होता है और कार्यों में आ रही बाधाएं भी दूर होती हैं। भीषण भैरव के एक हाथ में कमल, दूसरे में त्रिशूल, तीसरे हाथ में तलवार और चौथे में एक पात्र है। इनका वाहन शेर है। स्वरूप एवं इन सभी की पूजा करने के लाभ बताते हुए कथा को विश्राम किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

# नवांकुर की मोक्षा का मॉडल इंस्पायर अवार्ड में चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नवांकुर विद्यापीठ तपोवन हाई स्कूल की कक्षा 10 की छात्रा मोक्षा पुत्री देवेंद्र कुमार विश्वकर्मा का मॉडल भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की इंस्पायर अवार्ड मानक योजना 2024-25 की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया हैं। रायसेन के प्रेसीडेंसी कॉलेज में इंस्पायर अवार्ड मानक विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में नवांकुर विद्यापीठ तपोवन की छात्रा मोक्ष विश्वकर्मा, नवांकुर की छात्रा सौम्या गौर तथा डॉल्फिन के छात्र अंश तिवारी ने अपने मॉडल प्रस्तुत किए। जिसमें से मोक्षा विश्वकर्मा का मॉडल राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड योजना के लिए चयनित हुआ।

प्रदर्शनी में रायसेन जिले के 68 और विदिशा जिले के 42 कुल 110 बाल वैज्ञानिकों ने अपने मॉडल प्रस्तुत किये, जिनमें से कुल 6 माडलों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। विदिशा जिले के प्रस्तुत 42 मॉडलों में से मोक्षा विश्वकर्मा का एकमात्र मॉडल चयनित किया गया। मोक्षा विश्वकर्मा ने ड्यूल पावर्ड सोलर कूलर फ्रिज कम हीटर विषय पर मॉडल प्रस्तुत किया। यह मॉडल ग्रामीण क्षेत्रों हेतु एक ऐसा यंत्र जो कि रेफ्रिजरेटर से कम खर्चे में तैयार होता है तथा न केवल फ्रिज, बल्कि ए.सी. का काम करता है, साथ ही साथ यह एक पोर्टेबल डिवाइस है तथा इसे विद्युत तथा सोलर पावर दोनों से चलाया जा सकता है। नवांकुर की छात्रा सौम्या गौर ने रक्षाबंध रिमोट कंट्रोल्ड रेस्क्यू रॉप मॉडल प्रस्तुत किया। यह मॉडल के बाढ़ आपदा के समय में पानी में फँसे हुए लोगों को सहायता पहुंचाने एवं सुरक्षित बाहर निकालने हेतु एक ऐसा डिवाइस है, जो कि बिना किसी स्पेशल ट्रेनिंग के एक बच्चे द्वारा भी इस्तेमाल किया जा सकता है। डॉल्फिन विद्यालय से अंश पुत्र अमोद तिवारी ने अल्ट्रासोनिक सेंसर पर आधारित एंटी कोलिशन डिवाइस पर अपना मॉडल प्रस्तुत किया। जिसका मुख्य उद्देश्य वर्तमान में हो रही ट्रेन दुर्घटनाओं में कमी लाना है उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा देश भर के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों से प्रतिवर्ष इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के अंतर्गत विज्ञान विषय में शोध एवं अनुसंधान से संबंधित मॉडल आमंत्रित किए जाते हैं, जिसके लिए मॉडल बनाने वाले विद्यार्थियों को मॉडल खर्चे की राशि के रूप में प्राथमिक स्तर पर दस हजार रुपए प्रदान किए जाते हैं। मोक्षा विश्वकर्मा, सौम्या गौर और अंश तिवारी के मॉडल इसी योजना के अंतर्गत प्रस्तुत किए गए थे।

मॉडल निर्माण करने में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक अविनाश डोंगरे, विवेक शर्मा डॉल्फिन के अभिषेक पाठक ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया। इस मौके पर नवांकुर विद्यापीठ के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित सहित विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं ने मोक्षा को बधाई और शुभकामनाएं दी है।



## खबर संक्षेप




### ग्राम कोरवासा में तीन दिवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग का समापन

**सिरोंज।** सरस्वती शिशु मंदिर कोरवासा में तीन दिवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग कार्यक्रम सम्पन्न के अंतिम दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि प्रांत सदभावना प्रमुख घनश्याम रघुवंशी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत को सिरमौर बनाने में आचार्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है। आचार्यों को स्वयं अपना मूल्यांकन कर समीक्षा कर समाधान करें एवं प्रारंभिक शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि खेल खेल में शिक्षण कर भैया बहनों का सर्वांग विकास करना चाहिए। इस मौके पर सेवा भारती नगर सेवा अध्यक्ष श्रीमती माधवी संजीव माथुर ने एक सफल आचार्य के आवश्यक गुण पर चर्चा कर अपने विचारों से सभी आचार्यों को अवगत कराया। आचार्य अभ्यास वर्ग के समापन सत्र में संकुल प्रमुख बहादुर सिंह रघुवंशी, सरस्वती शिशु मंदिर गरेंठा प्रधानाचार्य गौरव शर्मा,सरस्वती शिशु मंदिर कोरवासा के प्रधानाचार्य देवेन्द्र सिंह धाकड़,सह प्रधानाचार्य सुनील विश्वकर्मा सहित तीन विद्यालयों के आचार्य दीदियां सम्मलित हुई। तो वही कार्यक्रम के अंत में सभी आचार्यों दीदियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### 15 अगस्त तक मछली पकड़ने पर प्रतिबंध

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी.आर. के आदेशानुसार वर्षा ऋतु के दौरान मछलियों की प्रजनन अवधि को ध्यान में रखते हुए मछलियों के संरक्षण हेतु मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त 2025 तक की अवधि को बंद ऋतु क्लोज़ सीजन घोषित किया गया है।

### आचार्यश्री विद्यानंद जन्म जयंती के 100 वर्ष पूर्ण होने पर दिल्ली विज्ञान भवन में कार्यक्रम

# ऐतिहासिक कार्यक्रम में पीएम का संग जीवन का अविस्मरणीय पल : सांसद जैन

### *जैन आचार्य की स्मृति में डाक टिकिट एवं 100 रुपए के स्मारक सिक्के का पीएम मोदी ने किया विमोचन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जैन धर्म के आचार्य श्री 108 विद्यानंद महाराज जी के जन्म जयंती के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर दिल्ली विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कार्यक्रम में जैन आचार्य जी की स्मृति में डाक टिकिट एवं 100 रूपये का स्मारक सिक्के का विमोचन किया।

सांसद नवीन जैन ने सफल कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री के आगमन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मुख्य रूप से जैन धर्म की विशेषताओं पर प्रकाश डाला गया तथा साथ ही सभी को विश्व कल्याण हेतु एवं देश के विकास की गति को तेज बढ़ाने के लिए सभी जैन बांधों के समक्ष सात वचन रखें गए। प्रधानमंत्री के संबोधन में विशेष रूप से एक बात रही जब उन्होंने मंच से कहा कि जैन समाज के व्यक्तियों को यदि कोई छेड़ता है तो इतना कहने के बाद सदन में मौजूद जैन बंधुओ ने स्वतः ही भारत माता की जय के उद्घोष लगना शुरू कर दिए भगवान महावीर स्वामी की जय कारो से पूरा सदन गुंजायमान हो गया और प्रधानमंत्री की बात को पूरा करते हुए उन्होंने कहा कि छोड़ेंगे नहीं इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुस्कुराते हुए कहा कि मैं तो अहिंसा वादियों के मंच पर था और अभी आधी बात ही बोली थी आपने तो पूरी कर दी और उन्होंने इस बात को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से जोड़ते हुए सभी को आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर सांसद नवीन जैन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने प्रारंभ काल से ही जैन धर्म एवं जैन संतों से काफी अधिक प्रभावित हैं वह अपनी दैनिक क्रियो में भी जैन धर्म का पालन करते हैं साथ ही आचार्य विद्यासागर महाराज जी एवं आचार्य विद्यानंद जी के परम भक्तों में से एक हैं प्रधानमंत्री जी ने जैन धर्म के विकास एवं उत्थान के लिए काफी कार्य किए हैं जो निरंतर चल रहे हैं अंत्योदय को लेकर प्रधानमंत्री जी प्रतिबद्ध है और हर गरीब का कल्याण हो उसके लिए सरकार कार्यरत है।

इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में मुझे प्रधानमंत्री जी के साथ रहने का सौभाग्य मिला यह मेरे जीवन के प्रमुख क्षणों में से एक है इसके लिए मैं समस्त जैन समाज के साथ-साथ प्रधानमंत्री का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। इसमें प्रमुख रूप से ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसियन आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया,आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी भी मौजूद रहें।

## वर्ष 1989 में मुनिश्री सुधा सागर महाराज के समक्ष राजा दिग्विजय सिंह ने किया था शाकाहार व्रत

### मुनिश्री की आगवानी करते समय 36 वर्ष पहले की याद आई बात



**सिरोंज।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह एंव मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री जय वर्धन सिंह मुनि श्री सुधा सागर महाराज की भव्य आगवानी कर रहें थें। तो वही सन 1989 में सिरोंज में एक शाकाहार प्रदर्शनी का उद्घाटन तत्कालीन सांसद के पूर्व में दिग्विजय सिंह द्धारा किया गया था। उस समय मुनि श्री सुधा सागर महाराज से पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने शाकाहार का व्रत लिया था। तब मुनि श्री सुधा सागर जी ने कहा था कि मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह आपके लिए नेता हैं लेकिन हमारे लिए हमारा भक्त है और उसी दिन उन्होंने शिष्यत्व स्वीकार कर लिया था। उक्त उद्धार राष्ट्रीय संत मुनि श्री 108 सुधा सागर महाराज की अगवानी करने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह पहुंचे तो उन्हे आशीर्वाद स्वरूप कहते हुये कहा कि दिग्विजय सिंह जी हमारे से सबसे परिचित हैं जब वो सन 1989 में सांसद थे तब सिरोंज मे मुख्य बाजार में शाकाहार प्रदर्शनी लगी थी। तब उद्घाटन करते समय मैंने जब दिग्विजय सिंह से पूछा कि कौन सी प्रदर्शनी का उद्घाटन करने आए हो तब उन्होंने कहा कि मैं शाकाहार प्रदर्शनी का उद्घाटन करने आया हूँ और उसी दिन उनकी आँखें खुल गयीं और उन्होने शाकाहार का ब्रत ले लिया। जब से ही वो आते रहे हमेशा मेरे कमरे में आकर बैठते रहे और घंटों बिताते थे। राधौगढ़ का कोई न कोई प्रभाव है तभी तो आज भी राज घराना और राजा दिग्विजय सिंह है।

## मुनिश्री योग सागर की 14 पिक्षी सहसंग हुई सिरोंज में आगवानी

### आज आयोजित होगा संत शिरोमणि विद्यासागर जी महाराज का 58वां दीक्षा दिवस






**सिरोंज।** रविवार को मुनि श्री 108 योग सागर जी महाराज का 14 पिक्षी के साथ सहसंग आगमन हुआ। उल्लेखनीय है कि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी के ग्रस्त जीवन के छोटे भाई मुनि श्री का पहली बार सिरोंज आगमन हुआ। इस मौके पर जैन श्रद्धालुओ ने मुनि श्री की भव्य आगवानी की। साथ ही पाद प्रक्षाल कर आरती उतारी। तो वही मुनि श्री ने नगर के कठाली बाजार चन्द्रप्रभु जिनालय मंदिर में प्रवचन दिए। परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य भगवान विद्यासागर जी महाराज एवं नवाचार्य पूज्य समय सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य पूज्य निर्यापक ज्येष्ठ श्रेष्ठ मुनि श्री 108 योग सागर जी महाराज जी का सहसंग सिरोंज में भव्य आगमन हुआ। साथ ही भव्य मंगल प्रवेश पूज्य मुनि श्री सागर से बिहार करते हुए सिरोंज में अगवानी हुई एवं गुना में चातुर्मास की स्थापना होना है। पूज्य मुनि श्री के सानिध्य में आचार्य भगवान सिरोंज में मनाया जाएगा।

### हाई स्कूल बरेज में आयोजन

## सर्व धर्म जन कल्याण सेवा समिति ने दिया जल संरक्षण




**सिरोंज।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत क्षेत्र के शासकीय हाई स्कूल बरेज में एक विशेष संगोष्ठी एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की चयनित नवांकुर संस्था सर्वधर्म जन कल्याण सेवा समिति के तत्वाधान में किया गया। जिसका उद्देश्य जल संरक्षण के महत्व को जन-जन तक पहुँचाना तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ठोस प्रयास करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र पर माल्या अर्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर मुख्य अतिथि रिटायर्ड शिक्षक विजय कुमार लाहोरी, कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार जैन एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष नवल सिंह राजपूत उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य वक्ता विजय कुमार लाहोरी ने जल संकट की वर्तमान चुनौतियों और इसके दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्षा जल के संचयन, जलस्त्रोतों के संरक्षण और वृक्षारोपण को बढ़ावा देकर ही जल संकट से निपटा जा सकता है।

प्राचार्य संतोष जैन ने कहा कि जल ही जीवन है, इसकी एक-एक बूँद अमूल्य है। हमें अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए इसे बचाना ही होगा। समिति अध्यक्ष नवल सिंह राजपूत ने लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान करते हुए कहा कि वृक्षारोपण से ही जल स्तर को बनाए रखना संभव होगा। वही संगोष्ठी के उपरांत विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण भी किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं समिति के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के अंत में जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई तथा सभी को अपने घर और समाज में जल बचाने के प्रति जागरूक रहने का संकल्प कराया गया। इस दौरान प्रताप सिंह सिलावट, राजेश बाबू अहिरवार, नासिर खान, सत्येंद्र सिंह राजपूत, अंजुम खान एवं बाल कैबिनेट के छात्र संघ अध्यक्ष सौरभ लोधी, कृष्ण लोधी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन



**सिरोंज।** आरोन रोड स्थित वन भूमि पर रविवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा,जिला वन मण्डल अधिकारी हेमन्त यादव, एसडीएम हर्षल चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।

## जैन मुनि के सानिध्य में पंच कल्याणक महोत्सव में जन्म से मोक्ष की धार्मिक

### अंतिम दिवस भगवान आदिनाथ को पालकी में बैठा निकली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

22 जून से चैनपुर रोड शक्ति नगर में नव निर्मित चैत्यालय प्रांगण में विभिन्न धार्मिक क्रियाओं के साथ पंच कल्याणक महोत्सव प्रारंभ हुआ। मुनि सुब्रतनाथ जिनालय में प्रतिमाओं की स्थापना से पूर्व जैन समाज के नर-नारियों द्वारा भगवान आदिनाथ की 7 परिक्रमा के साथ रथफेरी निकाली गई। 62 वर्षो में तीसरी बार गर में धूमधाम, भारी उत्साह और बारिश की बाधाओं के बीच तीसरा पंच कल्याणक महोत्सव शनिवार को निविघ्र सम्पन्न हुआ।

**प्रतिदिन कार्यक्रम** - पंच कल्याणक महोत्सव के प्रारंभ से समापन तक प्रतिदिन गर्भ कल्याणक से लेकर मोक्ष कल्याणक की क्रियाए दर्शाई गई। अंतिम दिन निकली शोभायात्रा में अश्वारोही ध्वज लेकर चल रहे, पीछे महिलाओं भजन गाती दिव्य घोष के साथ और बच्चियां गरबा नृत्य करते हुए सम्मिलित हुई।

दो वर्ष में पूर्व हो पाषाण मंदिर - पंच कल्याणक समापन अवसर पर जैन मुनि अक्षय सागर महाराज से नगर की जैन समाज ने पावस चार्तुमास का आग्रह किया। कहा कि आचार्य श्री के आदेश पर चौमास किया था। इसके बाद भी अभी तक पाषाण मंदिर का निर्माण पूर्ण नहीं हुआ। मंदिर का निर्माण करना समाज का कार्य है। जैन मुनि दो समाज से वात्सल्य उमंग को अंगीकार करते हुए उन्नति की अपेक्षा की। कहा कि भगवान आदिनाथ का कैलाश पर्वत पर भक्ति करते हुए निर्वाण हुआ था। अनंत काल के लिए सिद्धालय में विराजित हो गई। जैन दर्शन में सिद्धात्मा का अवतार नहीं होता है। सिद्धात्मा मोक्ष जाने के बाद पुनः अवतरित नहीं होती। आयोजन समिति के अध्यक्ष सुधीर बासंल ने सभी प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## फांसी के फंदे पर झूला युवक

**बरेली।** अपने ही घर के अंदर युवक ने फांसी के फंदे पर लटक कर जान दे दी। घटना के संबंध में थाना प्रभारी कपिल गुप्ता ने बताया होली चोक निवासी मृतक दीपक चौधरी पिता बंसीलाल चौधरी ने घर के अंदर फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना के दौरान घर में परिजन नहीं थे आने के बाद जब परिजनों ने दीपक को फांसी के फंदे पर लटकते हुए देखा तो तत्काल उसे फंदे से उतर कर नगर के सिविल अस्पताल ले गए, जहां जांच उपरांत डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के द्वारा मृतक का पीएम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण जांच में लिया है।

### विहिप, बजरंग दल के प्रशिक्षण वर्ग में दिया संगठन का मंत्र

**बरेली।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और दुर्गा वाहिनी का दो दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग संपन्न हुआ यह वर्ग नए गुरु कृपा कॉलेज, किनगी रोड पर आयोजित किया गया। आयोजित होने वाले दो दिवसीय वर्ग के उद्घाटन सत्र में प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह एवं प्रांत सह मंत्री जितेंद्र चौहान का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। द्वितीय दिवस समापन में प्रांत अध्यक्ष के एल शर्मा एवं प्रांत सह मंत्री मलखान सिंह ठाकुर का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ । इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना, हिंदू धर्म की रक्षा करना और समाज की सेवा करना है। वर्ग में पधारे पदाधिकारीयों ने बताया कि अभ्यास वर्ग में हिंदू हितों की रक्षा और विधर्मियों के खिलाफ समाज के रक्षण के लिए ढाल बनकर हमारे धर्म की रक्षा के लिए समर्पित युवक व युवतियों को संगठनात्मक प्रशिक्षण देना आज के समय में आवश्यक हो गया है। साथ ही उन्होंने बजरंग दल और दुर्गा वाहिनी के कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया और संगठन को मजबूत बनाने के लिए युवाओं को जोडने का आह्वान किया बजरंग दल के दायित्वबान कार्यकर्ताओं ने गौ हत्या पर चिंता जताई और इस मुद्दे पर जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया इस प्रकार के अभ्यास वर्गों में कार्यकर्ताओं को शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक रूप से प्रशिक्षित करने का काम किया जाता है। जिससे वे समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें।




## सुबह से बिना रुके कभी धीमी, कभी जोरदार बारिश से मौसम हुआ ठंडा

### रविवार रहा बारिश के नाम, गलियारों में भरा पानी



**बरेली।** रविवार की सुबह से समाचार भेजे जाने तक कभी धीमी तो कभी तेज बारिश से संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र भींगता रहा। रविवार को अवकाश और लगातार बारिश के कारण अधिकांश ग्रामीण नगर निवासी घरो में दुबके रहने से बाजारों सडक्रो पर सन्नाटा छाये रहने की स्थिति बनी रही। जून माह में अनेक बार बारिश होने के असर से पहाडो, धरती ने हरियाली चादर ओढना शुरू कर दिया है। चहुओर हरियाली का नजारा खुशनुमा मौसम का संकेत दे रहा है। संपूर्ण क्षेत्र में लगातार बारिश से तापमान में भारी गिरावट और हवाओं में अत्याधिक ठंडक से ठंड लगने जैसी स्थिति भी बनने लगी है।

**शुरू होगा धान मचाई, रोपाई का कार्य** - जिस प्रकार आसमान में वर्षा वाले बादलों का डेरा और लगातार घंटो बारिश होने से धान की क्यारियों में पानी भर जाने पर्याप्त नमी के कारण धान की क्यारियों को मचाने के साथ धान की रोपाई का कार्य शीघ्र शुरू होने की उम्मीद किसानों में जाग उठी है। जिस प्रकार रिमझिम बारिश हो रही है। पानी जमीन में भीतर पहुंचता है, और जल स्तर भी उपर आना शुरू हो जाता है।

**नमी की अधिकता** - दिन भर हुई लगातार बारिश के कारण कच्चे- पक्के मकानों में नमी की अधिकता बढ गई है। चहुओर पानी, गीलापन परेशानियों का कारण और मच्छर, विभिन्न प्रकार के जीव जंतु कीडे मकोडे पैदा करने का कारण बनता है। ठंडी तेज हवाओं से शरीर में सिहरन भी पैदा होने लगी है।

### बाजारों में छाया रहा सन्नाटा

**बरेली।** रविवार की सुबह से समाचार भेजे जाने तक कभी धीमी तो कभी तेज बारिश से संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र भींगता रहा। रविवार को अवकाश और लगातार बारिश के कारण अधिकांश ग्रामीण नगर निवासी घरो में दुबके रहने से बाजारों सडक्रो पर सन्नाटा छाये रहने की स्थिति बनी रही। जून माह में अनेक बार बारिश होने के असर से पहाडो, धरती ने हरियाली चादर ओढना शुरू कर दिया है।

## जल गंगा संबर्धन अभियान, एक पेड़ मां के नाम भगदेई में हुआ कार्यक्रम

**बरेली।** रविवार को तहसील की ग्रापं. भगदेई में आयोजित जल गंगा सम्वर्धन अभियान में शामिल होकर ग्रामवासियों से सरकार की लोकहित कारी नीतियों पर संवाद किया। जल संरक्षण, जल संचयन और पर्यावरण चेतना को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश देते हुए राज्यमंत्री पटेल ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, संवर्धन, हम सभी का कत्वर्य है। कहा कि जल और वृक्ष जीवन का आधार है। इनका संरक्षण करना सभी का नैतिक कत्वर्य भी है।

**एक पेड मां के नाम पौधरोपण** - ग्राम भगदेई के प्राचीन ऐतिहासिक शिव मंदिर के पास राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने एक पेड माँ के नाम का वृक्षारोपण किया। कहा कि पेड लगाने का पौराणिक महत्व है। हमारी संस्कृति में वृक्षों को जीवंत मानकर पूजा किए जाने की हजारों सालों से परंपरा है।












## अच्छी पैदावार की लालच में ठगे जा रहे किसान, नहीं होती कार्रवाई

# किसानों को बेखौफ बेचा जा रहा अमानक स्तर का बीज और उर्वरक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

इन दिनों बाजार में खाद, बीज और कीटनाशक दवाईयों के नाम पर असली की आढ़ में अमनाक स्तर की सामग्री बेंची जा रही है। कई दुकानदार और सेल्समैन गांव गांव जाकर इन दवाईयों एवं बीजों को किसानों को बेधड़क बेंच रहे हैं। जिम्मेदार इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। हालांकि सूचना पर संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी दुकानों पर औपचारिकता तो निभाते हैं लेकिन इसके बाद भी इन सब चीजों में विराम लगता नजर नहीं आ रहा है।

सूत्रों से यह जानकारी मिली है कि बाजार में मानक स्तर की आढ़ में अमानक बीज और खाद विक्रय का कारोबार चल रहा है। इस पर जिम्मेदार विभाग द्वारा ठोस कार्रवाई का भी आश्वासन दिया जा रहा है लेकिन जमीनी स्तर पर जांच टीम ने अभी कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की है जिससे ठगों और डीलरों के हौसले बुलंद हैं। वह महंगे दामों में बीज और उर्वरक बेंचकर मोटी कमाई कम रहे हैं।

### प्रशासन ने बनाई छापामार टीम

ठगों पर एफआईआर और सीलिंग की तैयारी जांच के साथ जनजागरूकता भी बेहद जरूरी है। जहां एक ओर जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त जांच दल के माध्यम से सख्ती की जा रही है। वहीं विशेषज्ञों का मानना है कि किसानों की जागरूकता भी उतनी ही जरूरी है। उन्हें यह सिखाना जरूरी है कि बीज खरीदते समय क्या दस्तावेज लेना है, जीएसटी बिल की क्या उपयोगिता है और कैसे वह शिकायत दर्ज करा सकते हैं। यदि यह जागरूकता अभियान जमीनी स्तर पर प्रभावी तरीके से चलाया जाए, तो ठग, डीलरों की रणनीतियां लंबे समय तक सफल नहीं हो पाएंगी।

गौरतलब है कि इस प्रकार की जांच पहले भी हुई थी। हाल ही में जिला कृषि विभाग ने एक दर्जन खाद-बीज विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर औपचारिकता स्वरूप जांच की थी, लेकिन सख्त कार्रवाई के बजाय केवल कारण बताओ नोटिस देकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। ना ही खाद-बीज के सैंपल लिए गए, ना ही गुणवत्ता की कोई ठोस पुष्टि हुई। इस लापरवाही का नतीजा यह हुआ की कई डीलर अब और भी बेखौफ होकर अपने अमानक उत्पाद बेचने की तैयारी में हैं। अब जब मामला कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा तक पहुंचा है, तो उनसे यह उम्मीद की जा रही है कि जांच इस बार केवल कागजों में नहीं रहेगी बल्कि दोषियों पर कार्रवाई की भी उम्मीद लगाई जा रही है।

#### पुराना माल, नई पॉलिसी

*सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कुछ सीड डीलर्स किसानों को पुराने और एक्सपायरी डेट के बीज और रासायनिक उर्वरक बेचने की योजना बना चुके हैं। इतना ही नहीं, कई विक्रेता किसानों को जीएसटी बिल उपलब्ध नहीं करवा रहे हैं, जिससे उपज प्रभावित होने की स्थिति में किसान किसी तरह की कानूनी कार्यवाही नहीं कर पाते। ये डीलर स्टॉक रजिस्टर में बिक्री का ब्यौरा भी दर्ज नहीं कर रहे, जिससे यह पता ही नहीं चलता कि बीज किसे बेचा गया। यह स्थिति बेहद चिंताजनक है।*




#### बिना रजिस्ट्रेशन के बेंची जा रही नकली दवाईयां

*बाजार में नई नई बीज और उर्वरक दुकानें खुल गई हैं। धान सहित अन्य दलहनी बीजों के नाम पर अच्छी उपज पैदावार का लालच देकर विक्रेता अमानक स्तर की सामग्री बेंच रहे हैं। वहीं कीटनाशक और खरपतवार नाशक दवाईयां भी अमानक स्तर की असली बताकर नकली थमाई जा रही हैं। जिनका न ही रजिस्ट्रेशन होता है और न ही कंपनी का पता होता है। भोले भाले किसान उन दवाईयों को खरीदकर फसलों में डाल देते हैं जिससे कई बार फसलें खराब हो जाती हैं। साथ ही धान सहित अन्य दलहनी फसलों में जहरीले कीटनाशक की मात्रा ज्यादा होने की वजह से इसक दुष्प्रभाव आमजन पर पड़ता है, जिससे कई प्रकार की बीमारियां होने का खतरा बना रहता है।*

#### इनका कहना है

कृषि विभाग की जांच टीम बनकर तैयार है। शिकायतें मिलने पर खाद बीज अमानक के सेंपलिंग और जांच की जाएगी। जांच सही पाए जाने पर लाइसेंस निरस्तीकरण तक की कार्रवाई की जाती है।

**- दुष्यंत धाकड़,** प्रभारी कृषि उपसंचालक अधिकारी

# बिजली खंभों पर केबल और तारों का फैला मकड़जाल

## नागरिक हो रहे परेशान, बिजली कंपनी के अफसरों को कोई चिंता ही नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



शहर के गली मोहल्लों, कालोनियों से लेकर प्रमुख स्थान और बाजार में मौजूद बिजली खंभों पर केबल, डोरी का मकड़जाल है। हर कभी जरा सा फाल्ट होने पर आग की चिंगारी निकलती है। इससे आसपास निवासरत, दुकानदार और आवाजाही करने वाले लोगों की जान जोखिम में रहती है। बड़ा हादसा होने की हमेशा आशंका बनी रहती है।

**केबिलों में आग समस्या बनीं :** बिजली के खंभों पर डोरी, केबल इतनी अधिक हैं कि पता ही नहीं चलेगा कि कौन सी किस तरफ से आई और गई है। जब भी फाल्ट होता है तो खंभे के ऊपर केबल, डोरी में आग लग जाती है। आग की चिंगारी जमीन पर गिरती रहती है। शिकायतों के बाद भी लाइनमैनों की टीम इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं देती। कई जगहों पर सड़क किनारे ही बिजली ट्रांसफार्मर रखे हैं, जिनके आसपास पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं है। इनके पास भीड़ लगी रहती है। ऐसे में किसी दिन बड़ी घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता है।

**करना पड़ती है निगरानी :** रायसेन में करीब 12 किमी एरिया में बिजली लाइन (तार) डले हुए हैं। इसमें 22 किमी एरिया में हाइटेंशन लाइन है। मुखर्जी नगर, पटेल नगर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, भारत नगर, शीतल गार्डन, वीआईपी कॉलोनी, वार्ड 4 के अलावा अन्य जगह पर यह हाइटेंशन लाइन कई मकान और दुकान के ऊपर से निकली है। इससे लोगों का मकान की छत पर जाना मुश्किल है। नागरिकों को छोटे बच्चों की निगरानी करना पड़ती है, यदि ऐसा नहीं किया तो उनके साथ हादसा होने में देर नहीं लगती है।

#### इनका कहना है

शिकायत मिलने पर बिजली कंपनी की टीम मौके पर भेजकर सुधार कार्य कराते है। आंधी हवा के दौरान केबल में आग लगना और फाल्ट की समस्या बनती है। उपभोक्ताओं के कहने पर उसमें में भी सुधार कार्य किया जाता है।

*प्रांजल शर्मा सिटी जेई रायसेन*

## ग्रामीणों की मांग शीघ्र हो पेंचवर्क

# समस्या : त्रिमूर्ति चौराहे पर सड़क का गड्ढा बना जानलेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर



त्रिमूर्ति चौराहे पर सड़क में हुए एक गहरे गढ्ढे की वजह से वाहन चालक हादसे का शिकार हो रहे हैं। गड्ढे में पानी भर जाता है तो वाहन चालकों को गड्ढे का अंदाज़ा नहीं लग पाता है और वह दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। यह गड्ढा रायसेन की ओर जाने वाली सड़क के जोड़ पर स्थित है।

स्थानीय रहवासियों ने बताया की सड़क में हुए गहरे गड्ढे के कारण प्रतिदिन बाइक चालक और पैदल राहगीर गिर कर घायल हो रहे हैं। बारिश का मौसम शुरू होने के बाद समस्या और बढ़ गई है। क्योंकि सड़क पर पानी भरा गया है और गड्ढे होने का पता नहीं चल पाता है। कई बार शिकायत के माध्यम से जिम्मेदार अधिकारियों को समस्या से अवगत कराने के बाद भी गड्ढे का पेंचवर्क अभी तक नही हुआ है।

अभी कुछ दिन पूर्व ही 1 मोटरसाइकिल चालक त्रिमूर्ति चौराहे वाले सड़क के जोड़ पर गड्ढे में गिरकर घायल हो गया था। जिसको घायल अवस्था में सांची सिविल अस्पताल रेफर किया गया था। स्थिति बिगड़ने पर युवक को भोपाल के एक निजी अस्पताल में रेफर किया गया था। जहां अभी भी युवक का ईलाज चल रहा है।

# विधायक व समर्थकों ने किया मंडीदीप थाने का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

किसी मामले को लेकर भोजपुर के भाजपा विधायक और उनके समर्थक रविवार की शाम नाराज होकर मंडीदीप थाना पहुंचे, जहां पर थाने का घेराव करते हुए जमकर नारेबाजी की गई। वहीं औबेदुल्लागंज एसडीओपी शीला सुराना के खिलाफ हटाने की आवाज बुलंद की।

मालूम हो कि पूर्व में भोजपुर विधायक की और महिला पुलिस अधिकारी की तनातनी खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। इसी का नतीजा है कि बरसते पानी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी कर उनके बर्खास्तगी किए जाने की मांग की गई। सूचना मिलते ही एएसपी कमलेश कुमार खरपुसे मंडीदीप पहुंचे और नाराज विधायक और उनके समर्थकों को समझाइश दी, तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ।

## खबर संक्षेप

### सुनवाहा के प्रभारी प्राचार्य को हटाया

**बेगमगंज।** सुनवाहा हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रभारी प्राचार्य के पद पर पदस्थ देवीसिंह जाट के विरुद्ध क्षेत्रीय लोगों द्वारा कई बार मंत्री, कलेक्टर, प्रांतीय एवं जिला शिक्षाधिकारियों को शिकायते किए जाने पर शिक्षा विभाग द्वारा उनकी जांच कराने के उपरांत संचालक लोक शिक्षण द्वारा विवादों के चलते अंततः 28 जून को हटाने के आदेश जारी कर उन्हें उनकी मूल पदस्थापना वाली मा. शाला जमुनिया टीके में ज्वाइनिंग देने एवं प्रभारी प्राचार्य का कार्यभार मा. शिक्षक अजय दुबे को प्रभार सौंपने के लिए आदेशित किया गया है।

### खाद्य मंत्री ने पेट्रोल पंपों की जांच के दिए निर्देश

**रायसेन।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने प्रदेश के सभी पेट्रोल पंप की गहन जांच कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने रतलाम में हुई घटना पर संज्ञान लेते हुए कहा है कि उपभोक्ताओं को हर हाल में गुणवत्तायुक्त पेट्रोल एवं डीजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। राजपूत ने वरिष्ठ अधिकारियों को ऑयल कंपनियों के साथ बैठक कर जरूरी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि रतलाम में कई वाहनों में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के पेट्रोल पंप शक्ति फ्यूल पॉइंट डोसीगॉंव से डीजल भरवाया गया था। डीजल में पानी होने से वाहन बंद होने की घटना प्रकाश में आई है। खाद्य विभाग जिला रतलाम के अधिकारियों द्वारा पंप की तत्काल ही जांच की गई। जाँच में पेट्रोल एवं डीजल के सेम्पल लिए जाकर बीपीसीएल लेब मांगलिया इंदौर भेजे गए हैं। इस प्रकरण में मोटर स्पिरिट और उच्च व्यय डीजल (प्रदाय तथा वितरण का विनियम और अनाचार निवारण) आदेश 2005 के प्रावधानों के तहत दोषी पंप संचालक के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 377 के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है। पंप पर उपलब्ध पेट्रोल 5995 ली. एवं डीजल 10657 लीटर जप्त कर पम्प को सील किया गया है। अपर मुख्य सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण रश्मि अरूण शमी ने इस घटना के परिपेक्ष्य में 27 जून को ही इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड एवं हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों की गत दिवस बैठक ली। उन्होंने घटना के संबंध में तत्काल विस्तृत जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश बीपीसीएल को दिए।

# तीन साल में भी नहीं बन सका सेमरा बनखेड़ी मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे 18 से ग्राम सेमरा होते हुए बनखेड़ी तक लगभग 4.50 किलोमीटर मार्ग 475.86 लाख रुपए से बन रहा है। ठेकेदार कछुआ की चाल से रोड पर कार्य कर रहा है रोड को बनते हुए 3 साल हो गए मगर अभी तक रोड कंप्लीट नहीं हुआ है।

ठेकेदार ने सेमरा से हाइवे तक 1 किलोमीटर मार्ग पर डामर कर दिया है। मगर रेलवे स्टेशन से सेमरा तक डामर नहीं किया है जिससे आधे किलोमीटर मार्ग पर अभी भी मिट्टी पड़ी हुई है जो अब बारिश में दलदल का रूप लेने लगी है ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार लगातार रोड पर काम नहीं कर रहा है, जिससे हम परेशान हो रहे हैं।



मुकेश लोधी, हेमंत लोधी, इमरत सिंह , लोधी,बाबूलाल साहू , हरि पटेल लोधी ने बताया कि ठेकेदार ने जगह-जगह पुलिया का निर्माण कराया है मगर रोड को समतल नहीं किया जिस कारण पुलिया के ऊपर जब वाहन लेकर चढ़ते हैं तो पुलिया में ट्रैक्टर ट्राली अड जाते हैं। ठेकेदार ने रोड को टुकड़ों में बनाकर छोड़ दिया है अब भोपाल विदिशा हाईवे तक जाने में कीचड़ से होकर गुजरना पड़ रहा है।

# भूसे से भरा आईसर ट्रक पलटा, नहीं हुई जनहानि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर शनिवार देर रात 11 बजे के लगभग राहतगढ़ से भूसा भरकर इंदौर जा रहा आयशर ट्रक कुलहड़िया गांव से पहले बिजली घर के सामने अनियंत्रित होते हुए पलट गया। वह तो गनीमत रही कि बगल से कोई वाहन नहीं निकल रहा था नहीं तो एक बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता वही ट्रक ड्राइवर और क्लीनर सुरक्षित है।



ड्राइवर आनंद राजपूत ने बताया कि हम राहतगढ़ से भूसा भरकर इंदौर ले जा रहा थे जैसे ही कुल्हाड़िया बिजली घर के पास पहुंचे तो आयशर ट्रक की बॉडी भूसा सहित रोड के किनारे पलट गई। हादसे में दोनों को कोई चोट नहीं लगी है। बता दें कि भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर रोजाना भूसे से भरे अत्यधिक लोड के ट्रक निकल रहे है। इन ट्रकों में इतना लोड होता है कि वाहन भी दिखाई नहीं देते है, जिससे हादसा होने का अंदेशा बना रहता है।

# भतीजे ने चाची पर किया धारदार हथियार से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के वार्ड 18 में एक पुराने विवाद को लेकर भतीजे ने अपनी चाची पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। शनिवार रात करीब 10 बजे हुई घटना में 50 वर्षीय शारदा कुचबंदिया गंभीर रूप से घायल हो गईं।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार रात को शारदा कुचबंदिया (50) अपने घर में थी। इस दौरान आरोपी भतीजे सिकंदर कुचबंदिया ने अपनी चाची पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। घटना के बाद घर में चीख-पुकार मच गई। घायल महिला की बेटी उन्हें तुरंत जिला अस्पताल ले गई।

सूचना मिलते ही रायसेन एसडीओपी प्रतिभा शर्मा जिला अस्पताल पहुंचीं और स्थिति का जायजा लिया। प्राथमिक उपचार के बाद महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें भोपाल रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी शेरा सूल्या ने बताया किया आरोपी को रायसेन किले से गिरफ्तार कर लिया है।

# ओपीडी में बढ़े सर्दी, जुकाम व बुखार के मरीज, निजी क्लिनिक, लैब पर भी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

इन दिनों मौसम में बदलाव के कारण नगर में सर्दी जुकाम, बुखार के मरीजों की संख्या काफी बढ़ी हुई है। जिसके चलते सिविल अस्पताल की ओपीडी 2 सैकड़ा के पार चल रही है। सिविल अस्पताल से लेकर निजी क्लीनिकों पर डॉक्टरों से परामर्श लेने के साथ जांच कराने मरीजों की भीड़ नजर आ रही है।

डॉक्टरों की अगर हम मानें तो मौसम में बदलाव होने से एलर्जी व सर्दी जुकाम, बुखार के मरीज बढ़ रहे हैं। हालांकि सामान्य मरीजों का उपचार शुरू होने के बाद 5 से 7 दिन का समय ठीक होने में लग रहा है।

डॉक्टरों के पास इलाज के लिए पहुंच रहे मरीजों में छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्ग व हर उम्र तक के मरीज शामिल है। इन दिनों कस्बे के निजी क्लीनिक व लैब कलेक्शन सेंटर पर जांच कराने के लिए मरीजों की भीड़ लग रही है।




इस संबंध में डॉक्टरों का कहना है कि इस समय मच्छरों के प्रकोप को रोकना आवश्यक है। इसके लिए नीम की पत्ती जलाकर धुआं करें। इसके अलावा अपने आसपास सफाई रखते हुए पानी जमा न होने दें। घर में किसी को सर्दी जुकाम व बुखार है तो उसके संपर्क से दूरी बनाकर रखें तो काफी हद तक बचाव संभव हो सकेगा।

#### निजी लैब पर जांच कराने लग रहीं लाइन

*मौसम में बदलाव होने से दोपहर में उमस, बारिश का दौर चल रहा है। इस कारण छोटे बच्चों से लेकर लगभग हर उम्र के लोग बुखार, सर्दी, जुकाम से पीड़ित हैं। मरीज को कहीं डेंगू न हो इसलिए डॉक्टर ज्यादातर मरीजों को प्लेटलेट्स क्षमता व रक्त कण की जांच कराने की सलाह दे रहें हैं। उधर लैब पर मरीजों की भीड़ लगने से ज्यादातर मरीज जांच नहीं करा पा रहे हैं। इन जांच को कराने में एक हजार से 15 सौ रुपए तक का खर्चा आता है। वही डेंगू की जांच में यह पता चलता है कि मरीज को अगर डेंगू है तो कितने प्रतिशत है और इस दौरान मरीज की प्लेट्स भी गिर जाती है।*

## ई-अटेंडेंस के विरोध में संयुक्त मोर्चा शिक्षक संघ ने दिया ज्ञापन

# जिलेभर में हो रहा ई-अटेंडेंस का विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन/बेगमगंज

शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों को अपना एप पर ई अटेंडेंस लागू किए जाने के बाद जिले भर में शिक्षक संगठनों द्वारा विरोध तेज हो गया है। शिक्षकों का कहना है कि रायसेन जिला भौगोलिक दृष्टि से पहाड़ी क्षेत्रों से घिरा है, जिससे नेटवर्क की समस्या हमेशा बनी रहती है। ऐसे में ई अटेंडेंस समय पर लगना संभव नहीं हो सकता। जिले भर के विभिन्न शिक्षक संगठनों ने ज्ञापनों के माध्यम से ई अटेंडेंस के समय की बदलाव की मांग की है। इसी को लेकर रायसेन में अध्यापक संगठन ने बीते दिवस ई अटेंडेंस का विरोध करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर डिप्टी कलेक्टर मनीष शर्मा को ज्ञापन दिया।

वहीं बेगमगंज में भी ब्लाक संयुक्त मोर्चा शिक्षक संघ के तत्वाधान में ई अटेंडेंस लागू किए जाने के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन एसडीएम सौरभ मिश्रा को सौंपकर ई अटेंडेंस मात्र शिक्षकों के लिए ही नहीं सभी विभागों में एक साथ शुरू किए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन के माध्यम से शासन को कहा गया है कि केवल शिक्षक संवर्ग के लिए ई अटेंडेंस व्यवस्था लागू करना समाज में ऐसा संदेश देता है कि शिक्षक कर्तव्य के प्रति लापरवाह और गैर जिम्मेदार है। ई अटेंडेंस व्यवस्था को सिर्फ शिक्षकों के लिए किए जाने को अन्यायपूर्ण बताया।



प्रांतीय महासचिव सत्येंद्र गौर ने बताया है कि ऐसी व्यवस्था लागू करना सरकार का हक है पर इसे प्रदेश के सभी विभाग के कर्मचारी अधिकारियों पर एक साथ लागू किया जाना चाहिए। संघ ने सरकार को चेताया है कि गुरु परंपरा को खंडित करने वाली इस योजना में प्रदेश का शिक्षक संभाग तब तक शामिल नहीं होगा।

#### ई अटेंडेंस का समय बदलें

*अध्यापक संघ के भोपाल संभाग उपाध्यक्ष सीताराम रायकवार ने ई अटेंडेंस व्यवस्था को शिक्षकों के साथ अन्यायपूर्ण बताया है। उन्होंने यह भी बताया कि ई अटेंडेंस के समय में फेरबदल करते हुए शिक्षकों के साथ न्याय किया जाए। यह व्यवस्था शिक्षकों के हित में ठीक नहीं है।*



## रविवार का दिन रहा बारिश के नाम

# कभी रिमझिम तो कभी तेज चलता रहा बारिश का दौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

रविवार का नाम बारिश के नाम रहा। सुबह से लेकर देर रात तक कभी रिमझिम बारिश तो कभी तेज होती रही।बारिश की वजह से मौसम ठंडा और खुशगवार हो गया, जिससे लोगों ने उमस से राहत महसूस की। जिले के पिकनिक स्पॉट खरबई चिड़यिा टोल, महादेव पानी झरना और हलाली डैम पर दिनभर भीड़ लगी रही।

लोगों ने पिकनिक मनाकर जमकर मौज मस्ती की। अभी फिलहाल दो दिन तक तेज बारिश नहीं होगी, लेकिन उसके बाद जरूर होने का पूर्वानुमान है। यह बारिश लगातार बरसती रहेगी। डॉ. एसएस तोमर मौसम वैज्ञानिक डॉ. सत्येंद्र सिंह तोमर ने बताया कि दो दिन बारिश से राहत है, लेकिन उसके बाद लगातार दक्षिण-पश्चिम तरफ से हवा चलने के कारण भारी बारिश होने का पूर्वानुमान है। यह बारिश निरंतर बरसती रहेगी। इस दौरान तेज गति से हवा भी चलेगी। जिससे लोगों को काफी हद तक सावधानी बरतना जरूरी है।

